मेरे हनुमान का तो काम ही निराला

मेरे हनुमान का तो काम ही निराला है,
राम का दुलारा मैया अंजनी का लाला है,
मेरे हनुमान का तो काम ही निराला है,

लाल सिंधुर से बड़ा प्यारा लागे,
लाल चोले में मेरा बाबा न्यारा लागे,
मेरा बजरंगी राम नाम का मत वाला है,
राम का दुलारा मैया अंजनी का लाला है,

मंगल को जन्मे मंगल है करते,
बड़े बड़े भुत प्रेत भी हनुमत से डरते,
सारे भगतो का ये बजरंगी तो रखवाला है,
राम का दुलारा मैया अंजनी का लाला है,

दुखो को दूर करे सारे संकट को हरे,
जो भी आये दर पे झोली खुशियों से भरे,
सारे संकट को इस ने पल ही भर में टाला है,
राम का दुलारा मैया अंजनी का लाला है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10947/title/mere-hanuman-ka-to-kaam-hi-nirala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |